प्रभात खबर

दो हजार लीटर नकली डीजल व पेट्रोल के साथ गिरफ्तार

नरपतगंज. नरपतगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव से बुधवार को फर्जी डीजल व पेट्रोल रैकेट का खुलासा करते हुए दो हजार लीटर नकली डीजल व पेट्रोल के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार कारोबारी फतेहपुर वार्ड संख्या 14 निवासी सुशील यादव पिता गिरानंद यादव है. पुलिस ने 11 ड्राम में रखें 02 हजार लीटर नकली डीजल व पेट्रोल को जब्त कर थाना लाया. जांच के लिए समीप के एक पेट्रोल पंप संचालक को जांच किट के साथ बुलाया गया. जांच करने पर पता चला कि पेट्रोल व डीजल जैसे गंध वाले तरल पदार्थ नकली हैं. मामले में थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार सुशील यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया. थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर जब फतेहपुर गांव में सुशील यादव के घर छापामारी किया गया तो 11 ड्राम में रखें डीजल व पेट्रोल को जब्त किया गया. मौके से आरोपी सुशील यादव को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने जब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ किया तो गिरफ्तार आरोपी ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी. बताया गया कि बंगाल से नकली डीजल व पेट्रोल लाकर इस क्षेत्र में खपाया जाता था. पुलिस का मानना है कि इस गिरोह में इस क्षेत्र के कई लोग इस धंधे में संलिप्त हैं. उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में कई खुलासा होंगे. नकली डीजल व पेट्रोल गिरोह का भंडाफोड़ होगा. वहीं नरपतगंज पुलिस इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मान रही है. मामले को लेकर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि करीब 02 हजार लीटर नकली डीजल व पेट्रोल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार आरोपी से आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/araria/arrested-with-2000-litres-of-fake-diesel-and-petrol